last, sending photographs. But road conditions are the same. Crores are going into the repairs, but where is it actually going ? You should plug these loopholes and use it for education.

Mr. Ramgopal Reddy suggested that each one should teach one. It is an excellent idea; it did not occur to me. Even in this House, if we take the pledge to teach one, it will mean a lot. I take the pledge and I am going to start tonight. If each one starts teaching one, we will certainly achieve our objectives.

I do not want to make any comments about Bangladesh because it is going to be discussed on Monday. Whatever be the needs of Bangladesh on humanitarian grounds, India and our people are priority number one. I only hope that Government will not lose this sense of priority when we think of Bangladesh.

With these words, I request the House to adopt the motion for consideration of the Bill. I know the requisite majority for adopting it is not present.

SHRI H.R. GOKHALE : In view of the very pragmatic approach that the hon. Member has shown in his speech, may I request him to withdraw his Bill?

SHRI R.S. PANDEY : Government will bear in mind the suggestions he has made while formulating their policy.

DR. KARNI SINGH : I do not object to it. If that is the desire of the hon. House, I would be glad to withdraw my Bill. I would like the hon. Minister to kindly bear in mind what I said and set a time limit.

MR. CHAIRMAN : I will have to dispose of the amendment first. I will put it to the vote. The question is :

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be referred to a Select Committee consisting of 8 members, namely: Shri Chhutten Lal, Shri Hiralal Doda, Shri Nathu Ram Mirdha, Shri Kishan Modi, Shri Siddhartha Shankar Ray, Shri Nawal Kishore Sharma, Dr. H. P. Sharma, and Shri S. N. Singh, with instructions to report by the first day of the next session."

The motion was negatived.

DR. KARNI SINGH : I beg to move for leave to withdraw the Constitution (Amendment) Bill, 1971.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to withdraw the Constitution (Amendment) Bill, 1971."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN : Bill is withdrawn by leave.

The Bill was by leave, withdrawn.

16.42 hrs.

PREVENTION OF CONVERSION BILL

by Shri Jagannathrao Joshi

श्री जगन्नाथराव जोशी (शाजापुर) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि अवयस्क व्यक्तियों के धर्म संपरिवर्तन का निर्बन्धन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये। सभापति महोदय, इस विधेयक को प्रस्तुत करते समय प्रारम्भ में इस विषय पर उड़ीसा और मध्यप्रदेश की संयुक्त विधायक दलों की सरकारों ने जो विधेयक पास किये, इसके लिए मैं पहले बधाई देता हूं। वास्तव में यह जिम्मेदारी अपनी सरकार की है।

[SHRI K. N. TIWARI *in the Chair*]

आजादी से पहले क्या हुआ, इसके बारे में भले ही हमारा दायित्व कुछ न हो, किन्तु आजादी के उपरान्त जब हम कहते हैं कि स्वाधीनता आई, स्वराज्य आया, स्वतंत्रता आई, उसका "स्व" जो है, उस "स्व" का आविष्कार अभी तक नहीं हुआ है, इस क, मुझे बड़ा खेद होता है। यह यहां जो, कल भी मैंने उल्लेख किया था, धर्म चक्र प्रवर्तनीय का शासन है, मैं जरा मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इसका अर्थ वे समझने की कोशिश करें। (**व्यवधान**) शासन का जो दायित्व है वह

[श्री जगन्नाथराव जोशी]

धर्म चक्र प्रवर्तन करने का है। इसलिए मैं शुरू वहीं से करता हूं। भारत का धर्म अंग्रेजों के 'रिलीजन' का कन्टरपार्ट नहीं है। अंग्रेजी के "रिलीजन" का यदि सही माइनों में हम भाषान्तर करें या अनुवाद करें तो यह पंथ सा होगा। हमारे धर्म में व्यक्ति की समग्र कल्पना छिपी हुई है। व्यक्ति का मतलब "मैन इज नाट मियरली ए बन्डल आफ डिजायर्स"। उसकी वासनाएं है तृप्त होते ही आदमी सुखी हो जाएगा, यह बात नहीं है। शरीर में मन, बुद्धि और आत्मा भी है। कोई इस देश के अन्दर सन्यासी भी पैदा होता है। गंगा के किनारे वट वृक्ष के नीचे उसके मन में यह भावना भी पैदा हो सकती है कि "मैं कहां से आया हूं"। कसवं कोऽहं कुतः आयातः वह चाहना है कि इसका उसको जवाब मिले। इसलिये यह केन्द्र का दायित्व होता है, शासन का दायित्व होता है कि वह धर्म चक्र प्रवर्तन करे। केवल शरीर की चिन्ता न करें।

मन, बुद्धि, आत्मा सब है। मुझे लगता है कि अंग्रेजों ने तो ट्रान्सफर आफ पावर किया, लेकिन इस शासन ने ट्रान्सफर आफ रेसीपोंसिबिलिटी कर दिया। यह जो व्यक्ति के लिए आवश्यक है, मुझे लगता है कि उन में एक तो है शिक्षा दूसरी है रक्षा और तीसरी है पेट के लिए भिक्षा। इन्होंने भिक्षा का तो सारा दायित्व अमेरिका पर छोड़ दिया है। जो खाने का प्रबन्ध करें। वह अमेरिका करे। जहां तक रक्षा का सवाल आता है, लगता है कि यह प्रबन्ध खुद करे और जहां तक शिक्षा का सवाल आता है, लगता है कि वह सारा काम इन्होंने इंग्लैंड और उस की मिशनरीज पर छोड़ दिया है। हमारी शिक्षा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। वही टिपिकल टिपिकल लिटिल स्टार, आज भी चालू है अंग्रेजों के जाने के बाद भी। शिक्षा से आदमी सुसंस्कृत हो कर आखिर अपना दायित्व निभाने वाला नागरिक बन कर सामने आए, यह सभी हम ने सब छोड़ दिया है। इसलिए अभी जो शिक्षा का सवाल आया, प्राथमिक शिक्षा का सवाल आया और जैसा कि मेरे मित्र श्री बड़े जी हैं, उन्होंने बताया है कि यह जो वनवासी क्षेत्र है, उसकी शिक्षा का भार सब मिशनरीज पर हमने छोड़ दिया है।

आजादी के बाद हमारे घर का काम कोई दुनिया वाला करे, इसका क्या मतलब है यह समझ में नहीं आता है। देश की रक्षा करने के लिए हथियारों की जरूरत है तो वे आपके पास नहीं हैं। जरूर हम हथियार लें अगर हमारे पास हथियार नहीं है। लेकिन हथियार भी उन्हीं के और लड़ाई भी हमारे लिए वही करें, यह बात समझ में नहीं आती है, बिल्कुल समझ में नहीं आती है। जिस क्षेत्र तक हम पहुंच नहीं पाते हैं वहां कोई और अगर पहुंच जाता है तो इसको आप रोकें। अंग्रेजी की एक कहावत है फूल्ज रश व्हेअर एंजल्स फीअर टू ट्रेड। किन्तु सारे हिन्दुस्तान के अन्दर मिशनरियों का जो इतना बड़ा जाल बिछ गया है, उसे देखने से तो ऐसा लगता है कि शासन ने यह तय कर लिया है कि एंजल्स रश व्हेअर फूल्ज फीअर टू ट्रेड कौन से एंजल्ज के रूप में ये वहां जा रहे हैं वहां स्कूल ये खोलते हैं, अस्पताल खोलते हैं, शिक्षा का प्रबन्ध करते हैं। कोई कोई तो फादर फेरर जैसे खेती के काम में आने वाले पम्प भी देते है, इंजन भी देते है, मशीनें भी देते है, फर्टिलाइजर भी देते हैं, अच्छा बीज भी देते हैं। जब इन्होंने ही सब कुछ करना है तो पता नहीं यह सरकार किस लिए है? यह दायित्व आप अपने ऊपर क्यों नहीं लेते हैं। प्राथमिक शिक्षा के लिए कितना पैसा चाहिये, इसको अभी मंत्री महोदय ने बता दिया है। शिक्षा देना भी एक आवश्यक काम है और उसके लिए आपको पैसा जुटाना पड़ेगा। यह कह कर काम नहीं चलेगा कि शिक्षा के लिए इतना पैसा चाहिये जिस को आप जुटा नहीं पायेंगे। ऐसा कह कर काम नहीं चलेगा।

हमने स्वाधीनता प्राप्त करने का व्रत लिया था और सब कुछ न्यौछावर करने का व्रत लिया था। तब कहीं जा कर स्वतंत्रता आई और हम स्वाधीन हुए। अब स्वाधीनता को बनाये रखने के लिए, स्वाधीनता के स्व को बनाए रखने के लिए सब कुछ स्वाहा करने की प्रवृत्ति क्या इस देश में पैदा नहीं हो सकती है। किंतु उस दृष्टि से हमने

कुछ प्रयत्न किया हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता है। मैं शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि पिछले 23 सालों के अन्दर शिक्षा में क्या हमने कोई ऐसा परिवर्तन किया है ताकि आदमी के मन पर ऐसे संस्कार पैदा हों कि यह मेरा देश है और इसके लिए मैं सब कुछ न्योछावर कर दूंगा। उस के हृदय में यह भावना घर कर जाए कि जिस भूमि पर वह पैदा हुआ है और जिस मिट्टी में वह पला है उसमें पाविसूद भरा हुआ है। इसमें परमार्थ भरा हुआ है। जिस देश के अन्दर विवेकानन्द और राम कृष्ण स्वामी पैदा हो सकते है उस देश के अन्दर शिक्षा के कार्यभार को सम्भालने के लिए वैसा कोई पैदा नहीं हो सकता है, इसकी कल्पना मैं नहीं करता हूं। मैं ऐसी अवस्था में जानना चाहता हूं कि शासन का कर्तव्य क्या है? गृह मंत्री जी से हमारे बाबू राव पटेल जी ने एक सवाल किया था क्रिस्चियन मिशनरीज के बारे में। इस सवाल के जवाब मे उनको यह बताया गया था कि यहां 6420 मिशनरी है। 1956 में मध्य प्रदेश सरकार ने जो नियोगी समिति नियुक्त की थी उस समय यहां केवल चार हजार मिशनरी थे। दस बारह साल मे इनकी संख्या बढ़ कर छः हजार हो गई है। उस समय बाहर से आने वाली राशि 29 करोड़ थी और आज वह राशि 66 करोड़ है। मंत्री महोदय तो कहते है कि शिक्षा के लिए पैसा नही है, अस्पतालों के लिए पैसा नहीं है, ओल्ड एज पेंशन के लिए पैसा नहीं है लेकिन वह देखें कि दुनिया वाले किस तरह से आगे बढ़ कर पैसा खर्च कर रहे है। 29 करोड़ से बढ़ कर यह राशि 66 करोड़ हो गई है और संख्या चार हजार से बढ़ कर छः हजार हो गई है। मै पूछना चाहता हूं कि आखिर इसके पीछे विचार क्या है? मानवता का विचार है? मानव सेवा का विचार है? हमारे लिए इसकी पृष्ठभूमि को समझना बहुत आवश्यक है।

यह जो विधेयक मैंने उपस्थित किया है इसके दो पहलू हैं। एक तो जो नाबालिग हैं उनके धर्म परिवर्तन पर रोक लगाना इसका उद्देश्य है। दूसरे जो बालिग धर्म परिवर्तन करना चाहते हैं वे ऐसा करने के लिए जिलाधीश की अनुमति लें। आज दल बदल की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की चर्चा चल रही है? आखिर क्यों? किसी के विचारों मे परिवर्तन आ सकता है और उस अवस्था में अगर कोई दल बदल करता है तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये। विचारों मे परिवर्तन सदा होता रहता है। एव्री मोमेंट ए मैन बिकम्ज न्यू। नए विचार उसके मन में आ सकते हैं, परिस्थितियां बदल सकती हैं और उसके हिसाब से उसके मन के विचार भी बदल सकते हैं। अशोक मेहता ने 1954 में बैटोल अधिवेशन में एक थीसिस रखा था कम्पलशंज आफ अंडर डिवेलेप्ड इकोनोमी। उनको लगा कि अविकसित देश मे सरकार का विरोध करना ठीक नहीं है। कुछ सवाल उपस्थित हो जाते हैं जो नैशनल इम्पार्टेंस के होते है। जैसे चीन का डेंजर उपस्थित हो गया था। चीन ने हम पर हमला किया तो हमारे देश के लोगों ने यह सोचा कि यह सवाल कोई कांग्रेस या जनसंघ का सवाल नहीं है, किसी दूसरी पार्टी का सवाल नहीं है। चूंकि यह राष्ट्रीय संकट है इस वास्ते इस संकट का सामना कंधे से कंधा मिला कर किया जाना चाहिये। वह नैशनल कम्पलशन थी। श्री अशोक मेहता ऐसी अवस्था में यदि कांग्रेस में चले जाते हैं तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिये क्योंकि उनके विचारों मे मौलिक परिवर्तन आ गया था। लेकिन आज कल क्या चलता है। बिहार की गवर्नमेंट पलट जाती है, मैसूर की पलट जाती है, गुजरात की पलट जाती है। कोई इधर से उधर जाता है और कोई उधर से इधर आता है। सुबह इधर होता है तो रात को उधर। रात को उधर होता है तो सुबह इधर आ जाता है। इस तरह की प्रवृत्ति पर इस वास्ते रोक लगाना जरूरी हो गया है।

यह सब कुछ लालच और मोह से होता है। दृष्टि मंत्री-पद की गद्दी पर रख कर आदमी का भाव उधर ले जाता है। इस पर रोक लगाने की बात आई। कोई सोच-समझ कर, अपने विचार में परिवर्तन कर के जाता है, तो किसी को भी कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वैसे ही यदि कोई व्यक्ति, कोई सज्जन, अपने पन्थ या परमात्मा की भक्ति के मार्ग को बदलना चाहे तो, कम से कम

[श्री जगन्नाथराव जोशी]

भारत में उस पर कोई रोक नहीं है—कोई रोक नहीं हो सकती है, क्योंकि भारत का विचार ही अलग है। इसलिए जिसको हम धर्म समझते हैं, वही उपनिषदों में कहता है "एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति"—सत्य एक है, ट्रुथ इज वन, किंतु कई मुखों से उसका उच्चारण होता है, उसको प्राप्त करने के मार्ग कई हैं, अनेक हैं। इस लिए पन्थ उप-पन्थ से अपना देश भरा हुआ है। कोई जैनी अपना ग्रन्थ छोड कर शैव, वीरशैव, वैष्णव या सनातनी बने, इस देश में उस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वैसे ही यदि कोई इस्लाम, ईसाइयत या जूडाइज्म स्वीकार करे, तो किसी को उस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए-कम से कम भारत में तो नहीं होती है।

एक आक्रमणकारी रूप मे आने से पहले पन्थ हमारे देश में विचार के रूप में भी आये थे—ऐसा नहीं कि विचार के रूप में पन्थ हमारे देश मे नहीं आये थे। विचारों का आदान-प्रदान सदा इस देश में चलता रहा है।

किन्तु पन्थ के इस परिवर्तन का एक राजनैतिक पहलू भी है, जिस की वजह से आज भी हम भुगत रहे हैं। इस देश मे इस्लाम आया। यदि वह परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग को लेकर आता, तो कोई आपत्ति नहीं होती। किन्तु वह एक आक्रमण के रूप मे आया। वह एक ज्ञान देने के रूप में नहीं आया, वह परमात्मा की प्राप्ति का एक अलग मार्ग दिखाने के रूप मे नही आया। यदि वह उस रूप मे आता, तो जिस स्थिति नही में हम आज हैं, वह स्थिति न होती।

जब इस्लाम पन्थ एक आक्रमण के रूप मे इस देश में आया, तो उसने लोगों को देश के मूल जीवन-प्रवाह से पृथक कर दिया। यह अलगाव की प्रवृत्ति उसका एक रूप है। जो कोई वास्तव में एक पंथ स्वीकार करता है। उसे बदलना नहीं चाहिए। हमारे देश में जो एक ग्रंथ बिल्कुल सिद्धांत रूप से स्वीकारा हुआ है—गीता, वह स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है, "स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धि लभते नरः।" किसी पर इस विषय में कोई रोक नहीं है। हमारे यहा अन्य लोगों की तरह यह नहीं माना जाता है कि जो क्रिश्चियन न हो, वह हीथन है और वह हीथन स्वर्ग में नहीं जा सकता है। दुनिया में क्रिश्चियेनिटी के आने से पहले वे कहां जाते थे? बे आर डेंटिड टु अन-नोन लिम्बो। व्हाट इज दिस लिम्बो? वहां उनका क्या होगा? आगे क्या होगा, पीछे क्या होगा?

भारत यह नही कहता है। व्यक्ति किस में विश्वास रखता है, यह सवाल नही है। जिसमे वह विश्वास रखता है, वह उसमे एकाग्रता के साथ आगे जाये, तो उसको उसका मोक्ष मिलेगा। इस लिए यह बडा है, यह छोटा है, यह नही हो सकता है। केवल मूर्ति बड़ी या छोटी हो सकती है। जैसे, साठ लाख रुपये का शायद एक नोट हो और अगर सांठ लाख रुपये के एक एक रुपये के नोट हों, तो उनका बडा भार हो जायेगा, लेकिन उन दोनों की कीमत तो एक ही होती है। इसलिए छोटे-बड़े का सवाल नही है।

इस देश में ये जो पन्थ आये, यदि वे इस बात को स्वीकार कर के चलते, तो इस देश मे पाकिस्तान न बनता। किन्तु पाकिस्तान बनने के बाद भी सरकार ने इस पर ध्यान नही दिया है। इसलिए आज हमारे सामने काश्मीर का प्राबलम खड़ा हुआ है। हमारे मित्र, शेख अब्दुल्ला कहते हैं कि मैं भारत का नागरिक भी नहीं हूं। यानी हजारों हजार साल से एक पराक्रम की परम्परा को लेकर, कई आक्रमणकारियों के हमलों को परास्त करके, जो स्वाभिमान के साथ और उन्नत मस्तक कर के खड़ा रहना चाहता है, उस देश का मैं नागरिक हूं, यह कहने में अभिमान महसूस न करने वाला व्यक्ति उस देश में पैदा कैसे हुआ? आज भी 54 करोड़ की ताकत को लेकर हम संसार में खड़े हैं। आज भी पैटन टैंकों को तोड़-फोड़ कर दुनिया को चकाचौंध करने वाला पराक्रमी जवान इस देश में पैदा होता है। जहां तक सम्पत्ति का सम्बन्ध है, हमारा देश साधनों से भरा हुआ है। घास की पत्ती से लेकर यूरेनियम तक सब कुछ यहां मौजूद है। ऐसी स्थिति में भी

किसी को यह कहने में अभिमान क्यों है कि मैं इस देश का नहीं हूं ? कारण यही है ।

सभापति महोदय : हाउस के सामने जो बिल है, वह है "टु रेस्ट्रिक्ट दि कनवर्शन आफ रिलिजन आफ माइनर्स ।" लेकिन आप तो समूचा कवर कर रहे है, बहुत बड़ा एरिया कवर कर रहे हैं ।

श्री जगन्नाथ राव जोशी : यह जो हो रहा है, हुआ है वह मैं बता रहा हूं । नहीं तो काहे के लिए बिल लाया ? फिर तो मुझे जरूरत ही नहीं थी बिल लाने की । फिर तो 54 करोड़ में 54 करोड़ ही रहने दीजिए । फिर इस बिल की कोई जरूरत नहीं है । यह क्यों हो रहा है ? यह अलगाव का भाव जब आएगा तब होगा । इसलिए मैं कह रहा हूं कि यह बलात नहीं होना चाहिए, लालच से नही होना चाहिए, मोह से नहीं होना चाहिए, भय से नहीं होना चाहिए । इसलिए मैंने प्रारम्भ मे ही बताया कि सोच समझ कर कोई परमात्मा की प्राप्ति के लिए स्वीकार करता है तो इस मे किसी को कोई आपत्ति नही हो सकती । यह तो मैंने पहले ही बता दिया । किन्तु जो हुआ है उसका मै परिणाम बता रहा हूं । यह नही बताया तो इस बिल की कोई जरूरत नहीं है । जब कोई पंथ अलग हो जाता है तो यह एक अलगाव का भाव नहीं होना चाहिए । वह इस देश के साथ जुड़ा हुआ हो, इस देश के जीवन-प्रवाह के साथ जुड़ा हुआ हो ।

अब मैं इसका एक उदाहरण देता हूं नागालैंड का । क्या अपने देश में मांग नहीं हो रही है अलग राज्य की ? हो रही है । यह क्यों हो रही है ? Within the framework of the Constitution of this country, there can be any number of States, big or small. यह हो सकता है । किन्तु जब कोई यह मांग करे कि हमारे राज्य का नाम ही नागालैंड रहे तो इसका क्या मतलब है ? यह बात समझ में आ सकती है कि मातृ-भूमि रहे, भारत माता रहे, नागा-नाडु रहे, वह तो कहिए भारत माता ही है । कोई लोग कहेंगे— What is in a name ? तो मुझे कहना पड़ेगा—There is much in a name. यह जो माउंट बैटन के साथ हमारा बहुत नजदीक का संबंध रहा, यह पुरानी जर्मन फेमिली है उनकी । उनका पुराना नाम था बैटन बर्ग । बर्ग लगते ही किसी को भी पता लगेगा कि यह जर्मन फेमिली है । तो क्यों कि इंग्लैंड और जर्मनी का रिश्ता रहा, यह रायल घराने के आदमी थे तो इंग्लैंड में जा कर जब यह सेटिल हो गए तो इन्होंने सोचा कि इस नाम से यह लगेगा कि यह जर्मन हैं, इसलिए इन्होंने अपना नाम बदल कर बैटन बर्ग के बजाय माउन्ट बैटन कर लिया । उलटा किया उसको । अब कोई कहेगा कि What is in a name ? तो There is much in a name.

मैं गोआ जेल में भी रहा । यानी किसी के कोई नया पथ स्वीकार करने में मुझे कोई एतराज नहीं है, यह मैं फिर बता रहा हूं । लेकिन वहां मैंने बहुत से मित्रों से पूछा—यह डी कास्टा, डी सूझा क्यों ? Why did you give up Desai ? इससे क्या बिगड़ता है ? आप देसाई रहिए । आप खुद का नाम बदलना चाहते है तो बदल दीजिए । जगन्नाथराव के बजाय जोसेफ कर दीजिए, मुझे कोई आपत्ति नहीं । कोई विवेकानन्द की जगह अपने लड़के का नाम स्टालिन रखे, रखे । कोई लेनिन रखें, रखे । कोई आइसन हावर रखे, रखे । किन्तु हम परिवार का नाम क्यों बदलें ? जैसे अभी कर्णी सिंहजी के लिए कहा, भले ही कर्णी सिंह जी महाराज न हों, लेकिन उनके पिता जी तो महाराजा थे । That was a fact, a historical fact. देसाई का De'souza क्यों रखना चाहते है? यह साहू मोदक सिनेमा एक्टर है, वह क्या ईसाही नहीं है ? कई मेरे नाम वाले ईसाई है, जोशी नाम वाले ईसाई है ? आखिर यह सवाल तो परमात्मा की प्राप्ति का सवाल है । लेकिन जो अपनी राष्ट्रीय संस्कृति होती है खान-पान रहन-सहन यह सब उसमें आ जाता है । अब देखिए डी-सौजा यह लैटिन नाम है । डी—मेलो, डी-सौजा, यह लैटिन के हैं । यह इंग्लैंड में नहीं मिलेंगे । यह फ्रांस में मिलेगा, इटली में मिलेगा, स्पेन में मिलेगा, पुर्तगाल

[श्री अनन्तराव जोशी]

में मिलेगा। तो आखिर, इस नाम के साथ कोई पंथ का सवाल नहीं है। इसलिए पंथ के रूप मे केवल आ जाता है तो यह अलगाव का भाव देश के अन्दर पैदा हो जाता है और जब अलगाव का भाव पैदा होता है तब यह प्रवृत्ति बढ़ती है। हमारी सरकार कहती है—Religion should be divorced from politics ठीक है। किंतु नागालैंड की समस्या हल करने के लिए मध्यस्थ के रूप मे बैप्टिस्ट मिशन के साथ बात करते हैं। How this Baptist Mission figures in political activities? यानी कल जाकर हमारी राजनीति मे कोई ऐसे मिशन्स दखल देने लगे और सरकार रेकग्नीशन दे उसको यह क्या है? कोई उनको स्वयं की राजनैतिक पार्टी बने, तो मैं समझ सकता हूं। लेकिन खुद बैप्टिस्ट मिशन मध्यस्थता करे, इसके क्या मानी है? और डा. फिजो यहां से निकले, माइकेल स्काट के घर में जाकर इंग्लैंड मे रहे। आसाम से हमने मिशनरियों को बाहर निकाला। क्यों निकाला? We think they are security risks. Why they should be security risks? सवाल यही है। इसलिए आजाद होने के बाद हमारी शिक्षा हो, हमारी चिकित्सा हो, इसको शासन करने की कोशिश करें, किसी दूसरे के ऊपर हम यह दायित्व दे दें तो इससे कई चीजे पैदा होंगी। मैं नियोगी कमेटी की रिपोर्ट कोट नही करना चाहता। उन्होंने खुले आम इसको स्वीकार किया कि यह लोभ से होता है, लालच से होता है, मोह से होता है, भय से होता है जो खराब है, बुरा है। इसके और भी पहलू हैं। जोर जबर्दस्ती चलती है। इसलिए मैं प्वाइंटेडली इसकी तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। काश्मीर में परमेश्वरी हांडू यह नाबालिग लड़की थी, उसको भगाया गया। उसकी माता ने मांग की कि उसको कोर्ट के सामने पेश किया जाय। वह खुद चली गई या भगाया गया? बालिग है या नाबालिग है इसका फैसला होना चाहिए था। अभी तक फैसला नहीं हो पाया। ऐसे केसेज कई है। फोर्सिबल ऐबडक्शन जिसे कहते हैं Forcible abductions result in conversions यह केरल में चलता है। इसका हैदराबाद केन्द्र है और हमारी सरकार के कान पर जू नहीं रेंगती है। मैं सारे भारत मे घूमता हूं, मैं जानता हूं ऐसे केसेज को। यह कोई प्रेम विवाह नहीं है।

कोई खुद अपनी मर्जी से सोच समझ कर, प्रीति के साथ करे तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन when it is a case of forceful abduction तब तो ऐसा नही होना चाहिये। मैंने दो साल पहले यह सवाल चव्हाण साहब के सामने रखा था, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। Is there any law in this land or not?

17 hrs.

यह जो कन्वर्शन फोर्सिबली अपने देश मे होता है, बडे पैमाने पर होता है, बच्चों को भगाया जाता है, अनाथ बच्चों को शिक्षा देने के बहाने दूसरे देशो मे ले जाया जाता है—यह सब कैसे हो रहा है? हिन्दुस्तान मे अनाथ बच्चे है, जहा सरकार का शासन है, उनको अनाथ क्यो कहा जाता है, उनको अनाथ कहना पाप है, उनकी पिता सरकार है। आज हमारी सरकार को शर्म नही आती है—हम अनाथ गृह खोलते है, मानो 54 करोड मे बच्चा अनाथ बन जाता है, मा का पता नही, बाप का पता नही। यह जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए, शासन को लेनी चाहिए। किन्तु ऐसा न करते हुए, हमारे बच्चे बाहर भेजे जाते है। यूरोप मे घर मे काम करने वालों की कमी है, इस लिये यहा से बच्चों को वहा भेजा जाता है, फिर कोई उन को देखने वाला नही है। केरल से नर्सेज को भेजा गया—मैं फिर बताना चाहता हू कोई सोच-समझ कर जाय, तो मुझे आपत्ति नही है—लालच से भेजा गया और हम को पता भी नही। जब इंग्लैंड के टाइम्स ने लिखा, तब हमारी सरकार को पता लगा। जब न्यूयार्क टाइम्ज कोई बात लिखता है, तब हमारी सरकार को पता चलता है। मैंने दो-तीन साल पहले सवाल पूछा था कि कितनी लड़कियों को भेजा गया तो जवाब मिला—'Information is being collected'. Government is still collecting the information!

मैंने पूछा—इसकी जांच करने के लिये आप के पास कौन-सी मशीनरी है, जिससे आप पता लगा सकें कि केरल से जो लड़कियां भेजी गईं, कुछ जर्मनी भेजी गईं, कुछ इटली गईं, कुछ नर्स बनी, कुछ और बनीं, उनका जीवन क्या है—कुछ जवाब नहीं है। मुझे वहां से पत्र मिले हैं—जर्मनी से पत्र मिले, उन लड़कियों ने बताया कि हम यहां बड़ी विचित्र स्थिति में है, हम यहां से जा नहीं सकते है, हमारी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। हमारी एम्बेसी सहायता नहीं करती है, क्योंकि हमारी एम्बेसी को पता ही नहीं है कि कौन कौन लोग वहां पर है। मद्रास का एक लड़का लन्दन में मर गया—पता ही नहीं कि कौन लड़का था। हमारी एम्बेसी है, हाई कमीशन है, उनको पता ही नहीं रहता है। छोटे-छोटे नाबालिग लड़कों-लड़कियों को भेजा गया, माइनर्स को भेजा गया, एजूकेशन के लिये भेजा गया, कैसे उनको पी-फार्म मिला, कैसे उन को पैसा मिला, कौन ले गया—कुछ पता ही नहीं है—मैं समझता हूं कि यह अच्छा नहीं है, ठीक नहीं है।

केवल पंथ की दृष्टि से कोई परिवर्तन करना चाहे तो मुझे आपत्ति नहीं है, किन्तु हमारे संविधान में जो छूट दी है, उसमें प्रोपेगेट शब्द है, कन्वर्ट शब्द नहीं है—

> All persons are equally entitled to freedom of conscience and the right freely to profess, practise and propagate religion.

कोई कुछ भी कर सकता है, ऐसी बात नहीं है। इसी लिए मैंने इस में रजिस्ट्रेशन रखा है। जब शादी का रजिस्ट्रेशन हो जाता है तो कोई पंथ को बदले तो उसका भी रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। रजिस्ट्रेशन होना इसलिये भी जरूरी है कि शुक्ला साहब फिर यह जवाब नहीं दे सकेंगे—हमारे यहां ऐसी व्यवस्था न होने से, हम को मालूम नहीं है कि कितने कन्वर्शन हुए है। वह कहते हैं कि हम को मालूम नहीं है कि क्यों कन्वर्शन होते है। लेकिन इस मेगजीन से आपको पता चल जायगा कि कहां कहां यह एक्टिविटी चल रही है। आप इसको पढ़ेंगे तो आपको मालूम होगा कि आंध्र प्रदेश में, आसाम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-काश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, मद्रास, महाराष्ट्र, मैसूर, नागालैंड, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, वैस्ट बंगाल, यूनीयन टैरिटरी में—दिल्ली, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, पांडिचेरी, गोआ-दमन-दिव, चंडीगढ़—यानी सब जगह चल रही है। मानवता के रूप में सेवा करने के लिये बाहर वाले आते हैं और हम समाजवादी सरकार, आम आदमी की उन्नति करने वाली सरकार, किसके बल-बूते पर चलते है, दूसरों के बलबूते पर क्यों चलते हैं—इसकी क्या आवश्यकता है। अगर आपको कुछ लेना है तो सहायता लीजिये, जैसी हमने मांग की थी, उस सहायता को आप लीजिये और सरकारी एजेन्सी उस काम को करे, सरकारी मशीनरी उस काम को करे, लेकिन उन पर यह काम नहीं सौंपा जाय।

एक मिशनरी से मेरी बात हुई थी—मैंने कहा—मैं मान लेता हूं कि आप यहां सेवा क्यों करते हैं, क्योंकि आप को लगता है कि ईशू-मसीह का विचार यदि नहीं बताया तो वह "हैल" में जायगा और ईशू मसीह का विचार खराब भी नहीं है। उन्होंने कहा एक बार ऊंट सूई की नोक में से चला जायगा, लेकिन धनी आदमी स्वर्ग में नहीं पहुंचेगा। ईशू मसीह ने शांति का सन्देश दिया। फिर मैंने पूछा—जिन लोगों ने इसाइयत को स्वीकार किया, क्या वे उस पर अमल कर रहे है? दुनिया पर दो महायुद्ध जिन्होंने ठूंसे, वे कौन लोग थे, वे सब क्रिश्चियन कन्ट्रीज थी।

ईसा मसीह ने बताया था कि एक गाल पर कोई मारे तो दूसरा भी सामने कर दो। जापान ने एक मामूली बम फैंक दिया तो It was returned by an atom bomb by America यह कौन सी इसाइयत है? वास्तव में केवल कहना ही नहीं बल्कि उस पर अमल भी करना चाहिये। सवाल यह है कि बुराई किस में नहीं है। हिन्दुस्तान सबको मानता है, सबका समादर करता है, इस लिये कोई ऊंचा-नीचा नहीं हो सकता है और भगवान की प्राप्ति का सन्मार्ग एक ही हो

[श्री जगन्नाथ राव जोशी

सकता है। तो जब सब एक हैं फिर यह धर्मान्तरण क्यों है। यह करने की कोशिश क्यों है ? मुझे पता है गांधीजी के पास कई मिशनरी आते थे—और कहते थे गांधीजी, आपका जीवन...(व्यवधान)..

श्री बी० आर० शुक्ल (बहराइच): सभापति महोदय, यह विषय इतना व्यापक है ? धर्म, इतिहास, गवर्नमेन्ट, सभी कुछ माननीय सदस्य डिस्कस कर चुके है ?

सभापति महोदय : अब आप समाप्त कीजिये।

श्री जगन्नाथ राव जोशी : हमारे धर्म में हर एक को अधिकार है, इसी लिये मैंने शुरू में बताया—स्वे-स्वे कर्मण्यभिरतः। कोई छोटा बड़ा नहीं हो सकता है। मैं आपको उदाहरण देता हूं—एक सज्जन आये, आज के जो शंकराचार्य हैं वे नहीं, बल्कि उनके पहले जो शृंगेरी के शंकराचार्य थे उनके पास, और बोले कि मैं हिन्दू बनना चाहता हूं। उन्होंने कहा—मतलब क्या है, तुम तो क्रिश्चियन हो न ? वह बोले—जी हां। तो उन्होंने कहा—पहले समझने की कोशिश करो और यह तीन बातें करो। पहली बात तो यह समझने की कोशिश करो कि क्रिश्चियन के मायने क्या है ? दूसरी बात—इस जन्म में आप क्रिश्चियन बने हैं तो इस जन्म में आप क्या साध्य करना चाहते हैं, इसको तय करो—और तीसरी बात यह—कि क्रिश्चियन रह कर आप वह प्राप्त कर सकते हैं या नहीं, इस नतीजे पर पहुचो तब मेरे पास आओ। इसका मतलब है हिन्दुत्व। आप क्रिश्चियन कहते हैं तो क्रिश्चियन बन जाओ और आपको अपने साध्य को प्राप्त करने की कोशिश करो। इसलिये आखिर इस का विरोध क्यों ? अपने देश में जब खुली छूट है यानी आपको परिवर्तन करना चाहिये—इसकी आवश्यकता नहीं है। बलात परिवर्तन नहीं करना चाहिये।

It is against the very essential principle of our understanding. यह हमारे सिद्धान्त के खिलाफ है। हमारा भारत आजाद नहीं बने तो फिर क्या बने ? जब खुली छूट देकर दुनिया के सामने स्वामी विवेकानन्द महाराज ने शिकागो में विश्व धर्म परिषद् में हिन्दुस्तान के विचार बताये, इतने बड़े विचार बताये और इतना सब होने के बाद भी दुनिया वाले हम को सिखाने के लिये आये। मेक्समूलर साहब हिन्दुस्तान में सिखाने के लिये आने वाले थे।

सभापति महोदय : आप समाप्त कीजिये। जो आपका बिल है उसमे आपने बहुत ज्यादा कवर कर लिया है। आपका बिल नाबालिग बच्चों के धर्म परिवर्तन के बारे मे था, लेकिन आपने सारी बातें कवर कर ली।

श्री जगन्नाथ राव जोशी : जो वयस्क हैं, वह भी यदि परिवर्तन करना चाहता है तो उसका रजिस्ट्रेशन होना चाहिये, यह इसमे है। यदि आप हमको यहां बताने की इजाजत नहीं देंगे तो क्या बाहर बतायेंगे। हमारा विचार क्या है उसको बताने की इजाजत हमको नहीं होगी तो फिर उसका पता कैसे चलेगा....(व्यवधान)...

मेरे कहने का तीसरा मतलब यह है कि यह केन्द्र की जिम्मेदारी है कि बड़े पैमाने पर यह जो चलता है, वनवासी लोगों मे चलता है, पिछड़े हुए लोगों मे चलता है, उसको रोकने का दायित्व सीधा केन्द्र से सम्बन्धित है। डाइरेक्टिव प्रिन्सिपल्ज मे यह कहा गया है—They must be free from exploitation.

उनका जो एक्सप्लायटेशन इस दृष्टि से होता है, बलात होता है, मोह से होता है, लालच से होता है, भय से होता है, उससे मुक्ति देना क्या यह केन्द्र का दायित्व नहीं है ? खुले रूप में कोई परमात्मा को प्राप्त करने का मार्ग दिखाये तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। नियोगी कमेटी की रिपोर्ट में जो जो बताया गया है मैं उसको यहां पर दोहराना नहीं चाहता हूं। इस लिये केन्द्र की जो जिम्मेदारी है, उस को वह स्वीकार करे। जो भी धर्म बदलना चाहता है, सोच समझकर बदलना चाहता है, उसको अनुमति देनी चाहिये और

जहां तक वयस्क का सवाल है उन पर पूरी रोक लगे । क्योंकि उनकी आयु ऐसी नहीं है जिसमें वह समझ सकेगा कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है । हमने उनको 21 साल तक वोटिंग का अधिकार नहीं दिया है, यानी पांच साल तक यहां कौन सरकार रहे उसको तय करने का अधिकार भी उनको नहीं है, तो फिर समग्र जीवन किस विचार से, किस हेतु से, किस दिशा से, किस ध्येय से प्रेरित होकर वह चलें, इसका निर्णय भी वह नहीं कर सकते हैं । इस लिये उस पर रोक लगनी चाहिए । जो व्यस्क है, वह परिवर्तन करना चाहता है तो उसकी अनुमति ले--यह दो बातें मैंने इस बिल में रखी हैं; जिनकी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर है । उड़ीसा और मध्य प्रदेश शासन ने जिस प्रकार से कानून बनाये हैं, वैसे ही केन्द्र भी बनाये ।

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

"That the Bill to restrict the conversion of religion of minors be taken into consideration."

There is an amendment given notice of by Shri M.C. Daga. But the hon. Member is absent. So, it is not moved.

श्री कमल सिंह 'मधुकर' (केसरिया) : सभापति महोदय, जो भाषण माननीय जगन्नाथ राव जोशी जी ने दिया उसका बिल से कोई सम्बन्ध नहीं है । भाषण में केवल दूसरे धर्मों की आलोचना थी, और वह भी घृणास्पद । यह उचित नहीं है । भारतीय धर्म और संस्कृति, उपनिषद, वेदान्त, मीमान्सा, गीता और रामायण में जो बातें कही गयी हैं उन तमाम की अवहेलना करके ऐसा बिल लाना और ऐसा भाषण देना उचित नहीं है ।

यह जरूर है कि भारत में हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिख तमाम धर्म के लोग रहें और वह अपने अपने धर्म पर आचरण करें और पारस्परिक प्रेम से रहें जिससे तमाम धर्मों की एकता के आधार पर इस देश की संस्कृति का उदय हो । जब वह ईसाइयत के विषय में बोल रहे थे तो कहा कि उस धर्म में है कि अगर कोई गाल पर थप्पड़ मारे तो दूसरे गाल को सुपुर्द कर दो । इसके आधार पर उन्होंने क्रिश्चियानिटी की आलोचना की । लेकिन मैं माननीय जोशी जी से जानना चाहता हूं कि उन्होंने जिस हिन्दू धर्म की बात की उसी हिन्दू धर्म में कुछ जातियों द्वारा उच्च जातियों द्वारा निम्न जातियों पर कितना अत्याचार हो रहा है ? क्या आज भारतीय सभ्यता पर आचरण हो रहा है ? आवश्यक था कि जो अपने धर्म में खराबियां हैं पहले उनको दूर किया जाय और इस बात पर मनन किया जाय कि किन खामियों की वजह से, या प्रलोभन में आकर, या भय के कारण लोग धर्म परिवर्तन करते हैं ।

यह बिल तब आना चाहिये था जब मुगल पीरियड या ब्रिटिश पीरियड रहा । जबकि जन तांत्रिक समाज नहीं था । लेकिन आज के जमाने में जब देश में जनतांत्रिक समाज है, समाजवाद जहां पर लक्ष्य घोषित कर दिया गया है, तब ऐसे बिल को लाने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

धर्म के लौकिक और पारलौकिक दो पहलू है । आपने परलौकिक पहलू को छोड़ दिया लौकिक पहलू के लिये । इस देश में समाजवाद को लाने में सरकार की ओर से क्या खामियां हो रही है उनके बारे में बिल लाते तो समझने की बात थी । देश को बेहतर बनाने के लिये बिल लाते तो समझने की बात थी । लेकिन इन चीजों को छोड़ दिया है । इसलिये यह बिल बिल्कुल आउट मांडेड है, भारतीय सांस्कृति, सभ्यता, एकात्मता के खिलाफ है और देश की एकता के खिलाफ है । धर्मों में घृणा पैदा करने की भावना की अभिव्यक्ति इस बिल से होती है ।

उदाहरण स्वरूप आप ने अपने बिल में कहा है कि किसी बालक को धर्म परिवर्तन करना हो तो वह मैजिस्ट्रेट के यहां जाय । यह तो धर्म के एसेंस के खिलाफ कि भगवान की पूजा करने के लिये मैजिस्ट्रेट की आज्ञा लेनी पड़ेगी यह धर्म को पारलौकिकता से इहलौकिकता में लाने की प्रक्रिया है । हमारा ख्याल है कि माननीय जोशी जी ने अपनी संस्कृति और सभ्यता को पढ़ा नहीं है, केवल

[श्री कमल मिश्र मधुकर]

रट लिया है। इसी लिये आप इन चीजों को कोट करते हैं। इन चीजों का मनन कीजिये। यह बिल बेकार है और देश की प्रगति से इसका कोई संबंध नहीं है, देश की एकता और संस्कृति से कोई सम्बन्ध नहीं है इसलिये ऐसे बिल को सदन को आउट राइट रिजेक्ट कर देना चाहिये ।

DR. MELKOTE (Hyderabad) : I rise to support the Bill wholeheartedly, Members may be surprised why I say this. But let us look at it from an unbiased point of view ; let no communal feelings creep into the discussion of this subject.

The point is this. The Bill says that minors should not be converted. Before the invasion of India by foreign powers, throughout that history conversion of large number of people had taken place here without bloodshed, rancour of fear.

How did this take place? To go into an analysis of this, we have to go into an analysis of Hinduism itself.

In the Mutts, religious centres and temples from where knowledge percolated to the people whether it was Europe or India, it was the Churches and Temples which gave knowledge to people right from time immemorial people were given the teaching from the Charvaka system itself. Then comes Nastik tva, non-acceptance of God or atheism. And then there is the other section which accepts the presence of God. I do not know how many of us have seen God or accepted Him. That is a different question altogether. But the Temples themselves taught the Charvaka system which is supposed to be the most materialistic system in the World. Possibly even the most modern communism cannot come up to that level. The Charvaka system says that Heaven and Hell are the creatoins of the priestly Brahamin class. If by offering the sacrifice of a got or a hen you can send your father to heaven, why don't you sacrifice him so that he can directly go to Heaven? If you can make your forefathers eat in Heaven the *pindas* that you place before them on the annual day, place this *pinda* here in Delhi and ask your father in Madras to eat it. Nobody has seen this. All this is nonsense. This is just for eking out a livelihood. This is the only life that one can see. After that we disappear. Therefore, make hay when the sun shines. Make merry. Beg, borrow or steal, whatever you like, because you have to be happy in this life There is nothin like an after life. This is the thing that was taught by the Charvaka system.

